# हिन्दुस्तान

1936

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

गुरुवार

20 फरवरी 2025, फाल्गुन कृष्ण पक्ष, अष्टमी, विक्रम संवत 2081, बरेली


**PAGE NO 8 : TOP**

# आधुनिकता के दबाव से पैदा हो रही घुटन

**मंचन**

बरेली, प्रमुख संवाददाता। एसआरएमएस रिद्धिमा में संभागीय नाट्य समारोह के दूसरे दिन बुधवार को एक इंस्पेक्टर से मुलाकात का मंचन किया गया। नाटक में मानवीय सहज संबंधों, मूल्यों आधुनिकता के दबाव से पैदा हुई घुटन को उठाया। उच्च वर्ग की जीवन शैली पर केंद्रित नाटक ने खोखली परतों को परत दर परत उधेड़ा।

नाटक में शहर के नामी उद्योगपति मिस्टर खन्ना के परिवार को केंद्र बिंदु बनाया। मिस्टर खन्ना की बेटी और शहर के दूसरे बड़े उद्योगपति मिस्टर कपूर के लड़के की सगाई हो रही है। अपने घर में छोटी सी पार्टी का इंतजाम है। सभी दांपत्य जीवन में बंधने को तैयार युगल को बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं। खाना-पीना चल रहा है। तभी एक पुलिस इंस्पेक्टर घर में प्रवेश करता है जो एक लड़की के सुसाइड मामले में उन सब से पूछ-ताछ करने आया है। उसके आने से जश्न का सारा आनंद डर और संदेह में बदल जाता है। यहीं से नाटक के हर पात्र की परतें उधड़ती हैं। नए नए रहस्य उजागर होते हैं। नाटक में मिस्टर खन्ना का किरदार विक्रम कत्याल और मिसेज खन्ना का किरदार सुगंध पाण्डेय ने निभाया।